# निवेशकों को 296 एकड़ भूमि आवंटित आया 3000 करोड़ रुपये का निवेश

## वर्ष 2024-25 में सृजित हुए 10 हजार रोजगार के अवसर

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने प्रदेश के औद्योगिक विकास को लेकर वर्ष 2024-25 में विभिन्न कंपनियों को 296 एकड़ भूमि आवंटित की है। कंपनियों ने 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश भी किया है। इसके चलते करीब 10,000 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश में बने औद्योगिक निवेश के माहौल को लेकर सभी क्षेत्रों में निवेश आ रहा है। फर्रुखाबाद जैसे पिछड़े जिलों में भी निवेशकों ने रुचि दिखाई है। यहां सुपर मेगा श्रेणी में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यूपीसीडा ने फर्रुखाबाद में वुडपेकर ग्रीन एग्री न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड को 40 एकड़ भूमि आवंटित की है। इस प्रोजेक्ट में 600 करोड़ रुपये के निवेश से एग्रो फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की गई है, जिससे 1,200 लोगों को रोजगार मिला है। इसी तरह, प्लास्टिक रिसाइकिलिंग यूनिट के लिए आइडीवीबी रिसाइकिलिंग आपरेशंस प्राइवेट

**1,100** करोड़ रुपये का निवेश हुआ फर्रुखाबाद में



लिमिटेड को 20 एकड़ जमीन दी गई है। कंपनी ने 1,000 से ज्यादा रोजगार दिए हैं। वहीं, बीपीसीएल को कानपुर देहात में आवंटित 65 एकड़ भूमि पर 650 करोड़ रुपये के प्लांट की स्थापना की जा चुकी है। इस प्लांट में 1,000 लोगों को रोजगार मिला है। शाहजहांपुर में मेगा श्रेणी में कृभको श्याम फर्टिलाइजर को 76 एकड़ भूमि दी गई है। इस भूमि पर 330 करोड़ रुपये के निवेश से शुरू हुए रेलवे सिडिंग प्लांट में 1,000 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि मथुरा में युग स्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने 19 एकड़ में 190 करोड़ रुपये का एग्रो फूड प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया है। यहां पर 900 लोगों को रोजगार मिला है। मार्वल रायल प्राइवेट लिमिटेड ने 16 एकड़ में 160 करोड़ रुपये से पेंट उत्पादन की यूनिट स्थापित की है, जिससे 900 रोजगार सृजित हुए हैं। केशोरम मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 15 एकड़ में 150 करोड़ रुपये की लागत से डुप्लेक्स बाक्सेस एंड शीट यूनिट शुरू की है, जहां 232 लोगों को रोजगार मिला है।

इसके अलावा मथुरा में लूम सोलर प्राइवेट लिमिटेड ने 7.5 एकड़ में 79 करोड़ रुपये से सोलर माड्यूल्स यूनिट स्थापित की है। इससे 600 रोजगार सृजित हुए हैं। जय दुर्गा केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 75 करोड़ रुपये की लागत से पेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू की है। इसमें 805 लोगों को रोजगार मिला है। इसी प्रकर नीलेश शाह ग्रुप ने 6.5 एकड़ में 65 करोड़ रुपये से स्टील मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की है। साथ ही शाहजहांपुर में एडविन इंडस्ट्रीज ने 16 एकड़ में 160 करोड़ रुपये से 900 रोजगार सृजित किए हैं।